पाठ 19. हमारे त्योहार

इस कविता में त्योहारों को मौसम के साथ जोड़ा गया है। बच्चे मौसम और त्योहारों के बीच का संबंध जानेंगे। वे भारत की विविधता के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। उनका सामान्य ज्ञान बढ़ेगा। कविता याद कर सुनाने से उनकी स्मरणशक्ति बढ़ेगी।

पाठ की भूमिका

प्रत्येक मौसम अपने साथ अनेक रंग व खुशियाँ लेकर आता है। त्योहार हमारे जीवन में उल्लास भर देते हैं। ये हमें अपनों के करीब लाते हैं। आपसी मन-मुटाव दूर करते हैं। सभी को त्योहार बहुत अच्छे लगते हैं, खासकर बच्चों को। वे सभी त्योहार हँसी-खुशी मनाते हैं।

पाठ का परिचय

मौसम और वार बदलते ही रहते हैं और हर मौसम एक नया त्योहार लेकर आता है। सर्दी का मौसम अपने साथ दीपावली का त्योहार लेकर आता है। ईद आने पर सभी प्यार से मिलते हैं। क्रिसमस का त्योहार हमें धीरे-धीरे गर्मियों की ओर लेकर जाता है। फाल्गुन महीने में होली आती है। होली अपने साथ रंगभरी पिचकारी लेकर आती है, और साथ ही लाती है परीक्षा का भार। जैसे ही परीक्षा पूरी होती है गर्मी की छुट्टियाँ आ जाती हैं। गर्मी की छुट्टियाँ आने पर खूब मौज-मस्ती मनाई जाती है। गर्मी के बाद रिमझिम-रिमझिम बरखा सावन का उपहार लेकर आती है। इस समय प्यारी बहना रंग-रंगीली राखी लेकर आती है।

पाठ में निहित जीवन-मूल्य

त्योहार हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। त्योहारों की खुशियाँ हमारे लिए खुशियों के उपहार लेकर आती हैं। त्योहार हमें मन से और सभी के साथ मिल-जुलकर मनाने चाहिए। यही वह समय है जब सारे गिले-शिकवे दूर कर दुश्मन भी आपस में मिल जाते हैं। अतः त्योहारों की ओर उदासीनता का भाव नहीं रखना चाहिए।

पाठ का वाचन

कविता लय और तुक के साथ कक्षा में दो-तीन बार सुनाएँ। बच्चों को अपना अनुकरण करने को कहें। बिना पुस्तक खोले बच्चे आपके साथ-साथ कविता गाएँ। दो-तीन बार बोलने के बाद बच्चों से पुस्तक खोलकर कविता पढ़ने को कहें। बच्चों को कविता कंठस्थ करवाएँ।

महत्वपूर्ण चर्चा

त्योहारों के बारे में बच्चों से चर्चा करें। मौसम के बारे में भी चर्चा करें। नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक बच्चे से जानने का प्रयत्न करें –

- हर मौसम त्योहार किस प्रकार लाता है?
- तुम्हें सबसे अच्छा त्योहार कौन-सा लगता है और क्यों?
- दीपावली तुम कैसे मनाते हो?
- क्या दीपावली पर पटाखे चलाने चाहिए?
- होली के दिन कैसे रंगों का इस्तेमाल करना चाहिए?
- रक्षाबंधन के दिन तुम अपनी बहन को क्या उपहार देते हो?